तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



2 वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद पूरक परीक्षा के लिए नहीं मिल रहा समय




## खबर संक्षेप

### जन्मेजय महोबे होंगे जांजगीर चांपा जिले के नए कलेक्टर



**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इसी क्रम में 2011 बैच के आईएएस अफसर जन्मेजय महोबे को जांजगीर चांपा जिले का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं निवर्तमान कलेक्टर आकाश छिकारा को आगामी आदेश तक कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण के लिए स्थानांतरित किया गया है।

### गर्मी के साथ अस्पतालों में बढ़ने लगी मरीजों की भीड़

**जांजगीर-चांपा।** तेज गर्मी के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। जिसके चलते उल्टी दस्त एवं डायरिया से प्रभावित मरीज भी बढ़ रहे हैं। खासकर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जांजगीर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भारी भीड़ मरीजों की देखी जा रही है। जांजगीर के जिला अस्पताल में रोजाना 350 के करीब मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी में 300 से 350 मरीज उपचार करने ऑनलाइन पंजीयन भी करते हैं। इसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार मलेरिया, टाइफाइड, पीलिया सहित अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीज रोजाना जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने जा रहे हैं।

### राहगीरों के जी का जंजाल बना नैला रेलवे फाटक

**जांजगीर-चांपा।** शहर के नैला स्थित रेलवे फाटक लोगों व वाहन चालकों के लिए जी का जंजाल बन गया है। लगातार ट्रेनों के आवाजाही से लंबे समय तक फाटक बंद रहता है। लंबे इंतजार के बाद फाटक खुलता भी है तो वहां लंबा जाम लग जाता है। फाटक खुलने के इंतजार में लोग घंटो खड़े रहते है। तब तक दूसरी ट्रेन आ धमकती है। देखते ही देखते फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। नैला रेलवे फाटक में जाम की समस्या इतनी विकराल होती जा रही है कि लोगों को इस रास्ते में सफर करने से पहले यह डर सताता है कि पता नहीं कितना लंबा जाम मिलेगा, कितने घंटे फंसे रहेंगे। इस फाटक से होकर गुजरने वालों लोग अब किसी भी काम पर जाने के लिए एक घंटा पहले लेकर निकलते हैं। कम से कम तीन से चार गाड़ियां निकलने बिना फाटक नहीं खुलेगा और आधा से पौन घंटे तक फंसना पड़ेगा। इस रास्ते में सफर करने वालों के लिए जाम में फंसने के लिए सिवाय कोई चारा नहीं है।

### पश्चिम बंगाल में हिंसा के खिलाफ यज्ञ कर किया प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** पश्चिम बंगाल के साथ मुस्लिम बाहुल्य स्थानों में वक़्फ़ बिल के विरोध में हमास के नेताओं के पोस्टर हाथ में लेकर तथाकथित राष्ट्रविरोधी मुस्लिम आंदोलन कर रहे हैं तथा बंगाल में हिंदुओं को जानवरों की तरह पीटा जा रहा है तथा माताबहिनों की इज्जत लूटी जा रही है,हिंदुओं के मठ मंदिर तोड़े और लूटे जा रहे हैंं इन परिस्थितियों में सर्व हिंदू समाज के लोग हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के विरोध सड़क में उतर कर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका।

### नाका चौक के पास बेहोश होकर गिरा, तोड़ा दम

**सक्ती।** नाका चौक के पास एक व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाराद्वार वस्ती निवासी ऋषि कुरे उम्र 50 साल किसी काम से सक्ती आया था। रेल्वे स्टेशन रोड नाका चौक पर अचानक गिर कर वह बेहोश हो गया। जिसे सक्ती के सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां देखते देखते उसने वहीं पर दम तोड़ दिया। उसकी जानकारी उसके परिजनों को फोन पर दी गई है।

## दो साल का काम पांच वर्ष बाद भी अधूरा

# जल आवर्धन का काम बंद, पानी के लिए फिर होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में जल आवर्धन योजना का काम कछुए की चाल को मात दे रहा है। दो साल का काम पांच वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा है। ठेकेदार ने लंबे समय से काम बंद कर दिया है। अभी भी योजना के तहत 30 फीसदी से अधिक काम बाकी है। इधर गर्मी में शहरवासियो की पानी को लेकर परेशानी भी शुरू हो गई है।

जांजगीर शहर की आबादी 50 हजार से पार हो चुकी है, लेकिन नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं है। शहरवासी हैंड पंप और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है , लेकिन गर्मी आते ही वाटर लेबल डाउन होने के कारण पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे निपटने के लिए नगर पालिका जांजगीर नैला ने हसदेव जल आवर्धन की योजना भी बनाई है, लेकिन यह योजना अधर में है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के घर-घर पानी पहुंचाने के लिए नल जल योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से काम कराया जा रहा है। काम की गति काफ़ी धीमी है जिसके कारण लगातार समय बढ़ाने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है। योजना के तहत काम पांच साल पहले शुरू हुआ था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था, लेकिन अब तक महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। ठेकेदार ने लंबे समय से काम बंद कर दिया हैं और फिर से समय वृद्धि की मांग की है। पूर्व में कार्य पूर्णता की अवधि अक्टूबर 2020 तय की गई थी, लेकिन काम की मंद गति के कारण इसकी अवधि को दो साल बढ़ा कर अक्टूबर 2022 किया गया। इस अवधि में भी 50 फीसदी काम नहीं हो सका। ठेकेदार ने फिर से एक्सटेंशन की मांग की और उसे नवंबर 2023 तक का समय दिया गया। एक्सटेंशन की यह अवधि भी समाप्त हो गई और महज 70 फीसदी ही काम हो सका है। ठेकेदार ने एक बार फिर से एक्सटेंशन की मांग की है। योजना के तहत नगर में दो टंकी बननी है, वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है। कुछ वार्डों में इसका विस्तार भी हुआ है, लेकिन बाकी मोहल्लों में पाइप लाइन विस्तार का काम नहीं हो सका है। अभी भी 30 प्रतिशत काम बचा है। ऐसे में अगर ठेकेदार काम शुरू भी कर देता है तो इस बार की गर्मी में शहरवासियो को पानी नहीं मिल पाएगा। बताया जाता है कि नहर की धार 30 अप्रैल के बाद थम जाएगी। ऐसे में मई एवं जून महीने के दौरान शहरवासियों को पेयजल सहित निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ सकता है। इसे लेकर पालिका प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है।



अधूरी पड़ी पानी टंकी।

### हसदेव नदी से आना है पानी

जांजगीर चांपा जिला का गठन 25 मई 1998 को हुआ। दो दशक से अधिक अवधि गुजरने के बाद भी जिला मुख्यालय जांजगीर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है, लेकिन इस कवायद में एक दशक से अधिक गुजर गया है। सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आम जनता साफ पानी के लिए तरस रही है। एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया। पाइप लाइन विस्तार करने के साथ ही पानी टंकी, इंटकवेल और संपवेल बनाए गए, लेकिन यह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद पिछले पांच साल से 35 करोड़ की लागत से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है।

### नहर बनी जीवन दायिनी

नगर पालिका क्षेत्र जांजगीर नैला में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप, कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो इन साधनों से पानी की जरूरत पूरी हो जाती है, लेकिन गर्मी में जल स्तर गिरने से परेशानी बढ़ जाती है। हालांकि शहर से गुजरी हसदेव बांगो नहर लोगों के लिए जीवन दायिनी साबित होती है। पिछले कुछ सालों से गर्मी में नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। जिन मोहल्लो से होकर नहर गुजरी है, वहां दिक्कत कुछ कम होती है। शायद यही वजह है कि जिम्मेदार पालिका प्रशासन भी पानी की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।


### कराए हैं अवगत

जल आवर्धन योजना के काम में ठेकेदार की लापरवाही से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। ऊपर से जैसा निर्देश मिलेगा आगे उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। गर्मी को देखते हुए शहर के तालाबों को भरने कवायद चल रही है।

-प्रहलाद पाण्डेय,
सीएमओ
नगर पालिका जांजगीर नैला

## कोटमीसोनार स्टेशन में निर्माणाधीन फुट ब्रिज से गिरा लोहे का एंगल

### महिला गंभीर रूप से घायल, सिम्स रेफर



फुट ओव्हरब्रिज में गिरा लोहे का एंगल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कोटमी सोनार के निर्माणाधीन फुट और ब्रिज में लोहे का एंगल गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में बिलासपुर के सिम्स भर्ती कराया गया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार 18 अप्रैल की शाम लगभग पांच बजे आधी तूफान के साथ हल्की बारिश हो रही थी कोटमी सोनार में रहने वाली महिला रथ बाई फुट ओवरब्रिज से जा रही थी। उसी समय जोर की आंधी आयी और फुट ओवरब्रिज में सुरक्षा के जालीदार लोहे का एंगल भड़भड़ा कर महिला के पैर में जा गिरा। लोहे के भारी-भरकम एंगल से महिला का बुरी तरह कुचल गया और गहरा जख्म हो गया। जब इस बात की खबर ठेकेदार को हुई तो तुरंत उसे सिम्स ले जाया गया और भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि महिला रथबाई बहुत गरीब परिवार की है।



ठेकेदार ने पूरा खर्च उठाने की बात कही है। रेल विभाग द्वारा कराए जाने वाले कार्यों में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है लेकिन कोटमीसोनार में निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज के कार्यों में रेल अधिकारी एवं ठेकेदार के बीच साथ गांठ के चलते सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते यह दुर्घटना घटी। बताया जा रहा है कि रेलवे का कार्य कर रहे ठेकेदार के द्वारा सुरक्षा मानको की अनदेखी के चलते निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज में यह दुर्घटना घटी है। हालांकि महिला का इलाज अस्पताल में जारी है।

## प्लांट से एल्युमीनियम और कॉपर तार चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पावर ग्रिड तागा के अंदर से एल्युमीनियम और कॉपर तार चोरी करने वाले 4 आरोपियों को मुलमुला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए एल्युमीनियम और कॉपर तार, ड्रिल मशीन, कटर मशीन और घटना में प्रयुक्त 3 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। जिनकी कुल कीमत 2 लाख 40 हजार रुपये है।



पुलिस के अनुसार, प्रार्थी ओ.पी. शुक्ल, सहायक प्रबंधक, पावर ग्रिड तागा ने 12 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मार्च की रात 11:30 बजे से 7 अप्रैल की रात 11:50 बजे के बीच अज्ञात चोर पावर ग्रिड तागा की बाउंड्रीवाल के अंदर स्टोर रूम में रखे 10 नग कंप्रेसर और एल्युमीनियम आईपीएस ट्यूब कोरोना रिंग, जिनकी कीमत 75 हजार रुपये थी, चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धाराशिव के कुछ लड़के चोरी का सामान रखे हैं और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने संदेहियों विष्णु पटेल, मुकेश पटेल, नागेश गिरी गोस्वामी उर्फ राजू और कन्हैया धीवर उर्फ मखना को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 31 मार्च, 7 अप्रैल और 10 अप्रैल 2025 की रात को मिलकर पावर ग्रिड तागा में चोरी करने की योजना बनाई थी। विष्णु पटेल अपनी मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 11 ए.जे. 2570, नागेश गोस्वामी अपनी मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 11 बी.एल. 7519 और मुकेश पटेल अपनी मोटरसाइकिल स्पलेंडर क्रमांक सीजी 10 ई.ए. 3678 से पावर ग्रिड तागा गए थे। उन्होंने बाउंड्रीवाल कूदकर अंदर प्रवेश किया और एक कमरे से चांदी का सामान, लोहे का टैंक (10 नग), वेल्डिंग मशीन, कटर मशीन, ग्राइंडर, ब्रेकर मशीन, एल्युमीनियम की सीढ़ी, एल्युमीनियम पाइप, टुल्लू पंप और तार चोरी किए। आरोपियों ने चोरी किए गए सामान को आपस में बांट लिया और गांव में फेरीवालों को बेचकर पैसे खाने-पीने में खर्च किए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विष्णु पटेल के कब्जे से लगभग 5 किलोग्राम तांबा और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (कीमत 60,000 रुपये), नागेश गिरी गोस्वामी से 1 कटर मशीन, ग्राइंडर मशीन, वेल्डिंग मशीन, ब्रेकर मशीन, पुराना इस्तेमाल किया

## मुख्य मार्ग में संचालित शराब दुकान को मुरलीडीह में किया जाएगा स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुख्य मार्ग पर संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को ग्राम पंचायत मुरलीडीह में शिफ्ट किया जाएगा। इसे लेकर अधिकारियों की टीम ने नवीन स्थल का निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि नगर के मुख्य मार्ग पर संचालित देसी अंग्रेजी शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए आबकारी विभाग के आयुक्त आलेख सिदार,नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, सीएमओ संजय सिंह एवं पार्षदों के द्वारा नवीन स्थल का निरीक्षण कर जल्द ही शराब दुकान को शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। नगर के शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित देशी-विदेशी शराब के चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को हो रही परेशानियों एवं आए दिन हो रहे दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर वासियों के द्वारा मुख्य मार्ग से देसी अंग्रेजी शराब दुकान को हटाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी अब जाकर आबकारी एवं नगर पालिका के द्वारा किस मुरलीडीह मार्ग पर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी ने बताया कि नगर के सीसीआई पीछे वेयर हाउस गोदाम के पास शराब दुकान को स्थानांतरित किया जा रहा है। पूर्व पार्षद रोहित सारथी ने बताया कि जब वह पार्षद थे तब शराब दुकान को नगर से बाहर करने के लिए कई बार मांग रखी एवं धरने पर भी बैठे थे पर अब नए पालिका की टीम द्वारा नगर हित में कार्य करते हुए सबसे पहले शराब दुकान को शहर से बाहर भेजना हमारी प्राथमिकता थी। पार्षद वैशाली विवेक सिंह ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग में शराब दुकान एव सड़क दोनों तरफ चखना दुकान होने से आए दिन लोग दुर्घटनाग्रसित हो रहे थे। जिससे नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी 20 वार्ड के पार्षदों ने प्रशासन से दुकान हटने की मांग रखी और अब दुकान नए स्थान पर शिफ्ट होगी।



चर्चा करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

### अवैध कच्ची शराब रखने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत थाना सारागांव और पामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 5600 बताई जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री की लगातार मिल रही थी। इसी कड़ी में सारागांव और पामढ़ पुलिस ने दबिश दी, जहां शिव कुमार भैना उर्फ बैगा उम्र 35 वर्ष , निवासी अफरीद, थाना सारागांव – कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। करण कश्यप 35 वर्ष निवासी हाल-सेमरिया, थाना पामगढ़ कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब के साथ जब्त किया गया है।

## शराब व नशे की बिक्री पर रोक लगाने वार्डवासियों ने खोला मोर्चा



बैठक में चर्चा करते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा के वार्ड क्रमांक 19 में अवैध शराब बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। इसे लेकर वार्डवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। उनके द्वारा 7 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेततावनी दी है।

नगर के वार्ड क्रमांक 19 नायक टांड़ में अवैध शराब के चलते वार्ड वासियों को हो रही परेशानियों को लेकर वार्ड पार्षद पिंटू बरेठ को शिकायत की जा रही थी। वार्ड वासियों की शिकायत पर पिंटू बरेठ के द्वारा वार्ड की महिलाओं एवं पुरुषों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग को अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा जाए एवं कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के पश्चात नायक टांड़ और अंधियारी पाठ में अवैध रूप से शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने पुलिस थाना में ज्ञापन सौंपा। पिंटू बरेठ ने कहा कि वार्ड में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। शिकायत के बाद भी पुलिस और आबकारी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### खास बात

- कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने पर बनी सहमति

## वन परिक्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

# अविभाजित जिले में 8 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जिले में इस बार 8 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का टारगेट मिला हुआ है। इससे वन परिक्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में रोजगार मिलेगा इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी

गौरतलब है कि जांजगीर एवं शक्ति जिले को मिलाकर चार फ़ीसदी वन परिक्षेत्र है इन दोनों जिलों को मिलाकर 8 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का टारगेट इस साल मिला हुआ है, ताकि वन परी क्षेत्र में रहने वाले लोग तेंदूपत्ता संग्रहण करके अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सके जांजगीर जिले में प्रमुख रूप से बलौदा अंतर्गत पहरिया, पंतोरा, खैजा, बोकरामुड़ा, परसदा, घाठाद्वारी, बोकरेल इसी प्रकार शक्ति वन परिक्षेत्र के अंतर्गत रैनखोल, जुड़गा, रगजा, मसनियाकला सहित अन्य वन परिक्षेत्र आते हैं। खासकर मई एवं जून महीने के दौरान बड़े पैमाने पर वन परिक्षेत्र के गांव में हरा सोना बटोरने का काम ग्रामीणों के द्वारा किया जाता है, ताकि गर्मी के दिनों में समय का सदुपयोग होने के साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके। वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। इसके लिए जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर 7 समितियां बनाई गई है। इसके अंतर्गत 50 से अधिक गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। गर्मी के दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके अलावा वन परिक्षेत्र में रहने वाले लोग महुआ के साथ-साथ तेंदू की बिक्री भी करते हैं, ताकि उन्हें ग्रामीण स्तर पर ही कार्य मिल सके। उल्लेखनीय है कि मई एवं जून महीने के दौरान वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवो में हरा सोना बटोरने का काम बडे पैमाने पर किया जाता है। ताकि गर्मी के दिनो में लोगो को ग्राम स्तर पर ही रोजगार मिल सके। जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर करीब 8 हजार 4 सौ मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत विभाग का अमला तैयारी में जुट गया है। वही इससे रोजगार मिलेगा।



तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य करते श्रमिक। फाईल फोटो

### चल रही तैयारी

तेंदूपथरा संग्रहण को लेकर तैयारी चल रही है इस साल 8 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का टारगेट मिला हुआ है वहीं इसके लिए साथ समितियां द्वारा तैयारी की जा रही है इससे वन परिक्षेत्र में रहने वालों को रोजगार मिलेगा

-कैलाश कश्यप,
प्रभारी,तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य
वन मंडल कार्यालय चांपा

## खबर संक्षेप



### पुरानी पेंशन की बहाली तकनीकी भत्ता करें लागू

**कोरबा।** बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ ने राज्य बिजली कंपनी के उपक्रम उत्पादन व वितरण कंपनी में पुरानी पेंशन की बहाली व तकनीकी भत्ता को लागू करने की मांग दोहराई है। इस बार दोनों ही कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव के समक्ष संघ ने यह मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री शब्बीर मेमन ने चेयरमैन से आग्रह किया है कि पावर कंपनीज में 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त अफसर-कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करे। अब तक इससे वंचित 7 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इससे पावर कंपनीज पर किसी तरह का आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। दूसरी ओर नवीन पेंशन योजना के तहत कंपनी के अंशदान की बचत होगा, जो प्रतिमाह करोड़ों रुपए में है। मेमन ने बताया कि अध्यक्ष ने कंपनी स्तर पर जल्द निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। साल 2022 से कंपनी में वर्ग और 2 में कार्यरत अधिकारियों को 1 3 फीसदी तकनीकी भत्ता को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सभी तकनीकी कर्मियों के लिए भी लागू करने की मांग की गई है। साथ ही संगठन की पूर्व की मांग कंपनी में कार्यरत भू-विस्थापित कर्मचारियों के साथ वर्षों से हो रहे भेदभाव, वेतन पुनरीक्षण अनुसार वेतन एरियर्स की बकाया राशि के भुगतान, टाइपिंग परीक्षा में 5 हजार की डिप्रेशन की छूट का लाभ अनुकंपा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ ही भू-विस्थापित कर्मचारियों को भी प्रदान प्रदान करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### पद्मश्री पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों से पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार 2026 हेतु 31 जुलाई तक नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन आमंत्रित किया गया है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप होने चाहिये।

### ऑनलाइन आवेदन का नोटिफिकेशन जारी

**कोरबा।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक-स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाईन परीक्षा आवेदन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। आनलाईन परीक्षा आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि 15 से 25 अप्रैल निर्धारित की गई है।अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण धर दीवान की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपने महाविद्यालय के शिक्षण विभाग में 28 अप्रेल तक जमा करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी तथा महाविद्यालयों, विश्वविद्याल विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय का आनलाईन परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से भराये जाने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है।

### 1 मई को विशाल श्रमिक दिवस मनाने का निर्णय

**कोरबा।** एक मई को कोरबा घंटा घर में स्थित डॉ बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति स्थल पर संवैधानिक भारत राष्ट्र नवनिर्माण अभियान के तहत विशाल श्रमिक दिवस मनाने का एक शुरुवाती निर्णय बैठक कर लिया गया है। बैठक राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती की मुख्य उपस्थिति एवं छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा की अध्यक्षता में सुभाष चौक के पास सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी,केंद्रीय सलाहकार अहमद खान, गाड़ा चौहान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, गायक मोहम्मद अनीश, अखबार वितरक संघ के जिला प्रभारी कुलदीप वैश्य उपस्थित थे।

## सीबीएसई की तर्ज पर सीजी बोर्ड के स्कूल भी ले रहे तत्काल परीक्षा

# वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद पूरक परीक्षा के लिए नहीं मिल रहा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घरेलू परीक्षाओं के परिणाम घोषणा के पखवाड़े भर भीतर पूरक परीक्षाएं सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के द्वारा ली जा रही है। इससे छात्रों को परीक्षाओं के तैयारी करने का समय नहीं मिल पा रहा है। सीबीएसई बोर्ड के तर्ज पर ही सीजीबोर्ड के स्कूल भी परीक्षा परिणाम घोषणा के पखवाड़े में ही परीक्षाएं ले रहे हैं।

परीक्षाओं की तैयारियों के लिए समय नहीं मिलने की शिकायतें अभिभावकों के द्वारा शिक्षा विभाग तक पहुंचाई गई है। उनकी मानें तो घरेलू परीक्षाएं कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा परिणाम 11 अप्रैल को घोषित किया गया है और एक पखवाड़े भर के बाद सीबीएसई बोर्ड के द्वारा घरेलू परीक्षा परिणाम में पूरक आये छात्रों की परीक्षाएं लिए जाने से छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है। यह मामला सीबीएसई बोर्ड से संबंधित था और अब इसी के तर्ज पर सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर चल रहे निजी स्कूल यहां तक के शासकीय स्कूल भी 9वीं और 11वीं कक्षा के परिणाम घोषणा के एक पखवाड़े के भीतर परीक्षा आयोजित करने की समय सारणी जारी कर दी है। इससे उन छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने में समय नहीं मिल पा रहा है। जिनको किसी न किसी विषय में पूरक की पात्रता मिली है। ऐसे छात्रों के अभिभावकों ने अपनी शिकायतें शिक्षा विभाग तक पहुंचाई है।

**खास बात**

- तैयारी के लिए छात्रों को पखवाड़े भर का दिया जा रहा समय


फाइल फोटो

**नहीं आया है कोई लिखित आदेश**

घरेलू परीक्षाएं के परिणाम घोषणा के पखवाड़ेभर के भीतर पूरक परीक्षा लेने के संबंध में न तो कोई शिक्षा विभाग से आदेश आया है और न ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऐसा कोई आदेश जिला शिक्षा विभाग को आदेश जारी किया है। बिना किसी आदेश के सीजी बोर्ड के शासकीय और निजी स्कूल के कक्षा 9वीं और 11वीं की पूरक परीक्षाएं अप्रैल महीने में ही संपन्न करा रहे हैं। इससे छात्रों में मानसिक दबाव बढ़ा है।

**पूर्व में मिलता था महीने भर का समय**

कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा परिणाम घोषणा होने के बाद पूरक की पात्रता मिलने वाले छात्रों की परीक्षा के लिए एक से डेढ़ माह का समय मिला करता था इन दोनों कक्षों की परीक्षाएं जून में स्कूल खुलने के बाद आयोजित की जाती थी। इससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता था। वर्तमान में जिस तरह से बिना किसी लिखित आदेश के शासकीय और निजी स्कूल प्रबंधन पूरक परीक्षाएं तत्काल आयोजित कर रहे हैं, उसमें उनकी मनमानी दिख रही है।

## टीवी टेक्नीशियन के घर चोरों ने बोला धावा, नकदी व जेवर पार


आलमारी जहां चोरों ने वारदात को दिया अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक टीवी टेक्नीशियन के घर से 60 हजार की चोरी हुई है। खरमोरा टावर बस्ती में रहने वाले वीरेंद्र पटेल के नए घर में चोरों ने पहले रेकी की फिर सोना-चांदी और कैश लेकर भाग गए। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

घटना के समय घर में कोई नहीं था। वीरेंद्र अपने परिवार सहित पुराने घर में रात रुकने चले गए थे। सुबह जब वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। बेडरूम की दो अलमारियों का भी ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। चोर करीब 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपए नगद लेकर फरार हुए है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। इसी इलाके में कुछ दिन पहले एक निर्माणाधीन मकान से दो क्विंटल सरिया और बोर की चोरी हुई थी। क्षेत्र के पास बांसबाड़ी जंगल है, जहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। चोर पहले घर की रेकी करते हैं। फिर रात में पत्थर फेंककर यह जांचते हैं कि घर में कोई है या नहीं। घर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।

## कोयला लदे ट्रेलर में लगी आग, मौके पर पहुंचे टैंकर ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। कोयला लदे एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई। घटना दीपका खदान से गौरव पथ रोड की तरफ जाते समय की है।

ट्रेलर से धुआं निकलता देख राहगीरों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया। तेज रफ्तार के कारण वाहन काफी दूर जाकर रुका। चालक को आग की जानकारी मिलते ही उसने कंपनी को सूचित किया। मौके पर पानी टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार कोयला लदी मालगाड़ी और ट्रेलर में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। खदान में लोडिंग के दौरान बरती जा रही लापरवाही इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग को नियमित निगरानी करनी चाहिए। चौराहों पर वाहनों की जांच बढ़ाई जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।


धूंधू कर जलता ट्रेलर वाहन।

## बनी सहमति, पंचायत सचिवों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में 17 मार्च से जारी पंचायत सचिवों की हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह एवं संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया की उपस्थिति में सचिवों की मांगों को लेकर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में चर्चा हुई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण से पूर्व चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। वर्तमान में 15 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर वेतन सत्यापन में उत्पन्न विसंगति को दूर किया जाएगा। हड़ताल अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने सभी जिला, ब्लॉक अध्यक्षों एवं पंचायत सचिवों के समर्थन के लिए आभार जताया। साथ ही हड़ताल के दौरान दिवंगत हुए तीन साथियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को याद रखने का संकल्प लिया।

**एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता**



पंचायत सचिव के शासकीयकरण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान पंचायत सचिव राजकुमार कश्यप की मृत्यु के बाद जिला पंचायत सचिव संघ के प्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान संघ की ओर से मृतक सचिव की पत्नी को 1 लाख 70 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। राजकुमार कश्यप का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उन्हें हमेशा संघर्ष के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। जिला पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने कहा कि प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के प्रवक्ता रहीम अली, छत्रपाल सिंह, विजय एक्का, सत्यनारायण सिंह कंवर, मोहम्मद हसन खान, राम कुमार टेकाम, मोहन चंद्रा कौशिक, मेहंदी हसन, विजय गुप्ता, मनसोधन यादव, संतोष दीवान, गीतेन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

## मजदूरों के साथ बकाया वेतन मांगने पर किया अमानवीय अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भीलवाड़ा (राजस्थान) से कोरबा आए दो मजदूर भाइयों को सिर्फ दो महीने की बकाया वेतन मांगने पर उनका अपहरण कर खपराभट्ठा इलाके के एक गोदाम में बंद कर बेरहमी से टॉर्चर किया गया। पीड़ित मुकेश और विनोद को फरवरी में आइसक्रीम लॉरी में 10 हजार रुपए मासिक वेतन, साथ में खाना और रहने की सुविधा के साथ काम पर रखा गया था लेकिन जब उन्होंने वेतन मांगा तो उन्हें अगवा कर गोदाम में बंद कर दिया गया। उनके साथ की गई क्रूरता ने मानवता को शर्मसार कर दिया। कपड़े उतरवाकर डंडों से मारा गया, पैरों के नाखून प्लायर से खींचे गए, बिजली के झटके दिए गए, पूरी घटना का वीडियो बना कर परिवार को भेजा गया और 30 हजार की फिरौती मांगी गई। 15 अप्रैल को लगभग 23 हजार 950 रुपए ट्रांसफर होने के बाद दोनों को छोड़ा गया। इसके दो दिन बाद आरोपी छोटू गुर्जर ने भीलवाड़ा जाकर पीड़ितों को धमकाया कि यदि पुलिस को जानकारी दी तो जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़ितों और उनके परिवार ने न्याय की मांग की है। पीड़ित मुकेश ने बताया कि विनोद अब भी ठीक से सीधा लेट नहीं पा रहा और रात में डर के मारे उसकी नींद टूट जाती है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस गंभीर मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई हो।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा 2025 में मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा।

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण


चिकित्सक व स्टॉफ से जानकारी लेते सीएमएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के द्वारा लगातार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों सुदृढ़करण हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। 17 अप्रैल को रानी धनराज कुंवर देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके पूर्व 16 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला एवं कोरबा ब्लाक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोंगदरहा एवं करमंदी के एनक्यूएएस की तैयारियों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर, ओ.पी.डी., आई.पी.डी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष तथा वैक्सीनेशन कक्ष एवं वार्ड का निरीक्षण किए। उन्होंने दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रखरखाव पर ध्यान देने, सभी स्वास्थ्यगत व्यवस्थाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि करने, विद्युत व्यवस्था अच्छी रखने, अस्पताल तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

**न्यायालय तहसीलदार चंद्रपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504311200004/**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
विषय:- अ-6/409
सन:-2024-2025
बिरहाभांठा 120 (प.ह.न. 00010)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार सरस्वती पटेल, ललीता भारती पटेल, भुनेश्वरी पटेल, माधुरी पटेल छत्तर पटेल,
अनावेदक पक्षकार - लक्ष्मण प्रसाद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम बिरहाभाठा तहसील चंद्रपुर जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202504311200004 /अ-6 आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार यह कि आवेदिका एवं अनावेदकगण का नाम, पता व अन्य विविरण आवेदन पत्र के शीर्ष में दर्शायेनुसार है। यह कि आवेदिका और अनावेदकगण सगे बहन और भाई है. तथा हम बहनों की शादी हो चूकी है और अपने-अपने ससूराल में निवास कर रहें है और भाई अनावेदक क्र. 5 बिरहाभांठा में निवास कर रहा है। यह कि आवेदिका के पिता स्व. लक्ष्मण पटेल पिता हरिहर पटेल के नाम से ग्राम बिरहाभांठा प.ह.न. 10 तहसील चन्द्रपुर जिला सक्ती (छ.ग.) कुल खसरा 10 कुल रकबा 0.767 है0 भूमि स्थित है। आवेदन के साथ खसरा एवं बी-1 संलग्न है। यह कि मेरे पिता लक्ष्मण प्रसाद पटेल आ. हरिहर पटेल की मृत्यु माह जनवरी 2024 में हो गई है तथा मेरे माता श्रीमति हराबाई पटेल पनि लक्ष्मण प्रसाद पटेल की मृत्यु दिनांक 28-11-2024 को हो गई है। यह कि स्व. लक्ष्मण प्रसाद पटेल आवेदिका और अनावेदकगण विधिक वारिसान है, तथा हमारे अलावा स्व. लक्ष्मण प्रसाद पटेल का कोई अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा लक्ष्मण प्रसाद पटेल की मृत्यु हो जाने से ग्राम बिरहाभांठा, रा.नि.म. चन्द्रपुर, तह, चन्द्रपुर, जिला सक्ती के राजस्व अभिलेख में आवेदिका और अनावेदकगण का नाम दर्ज किया जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन के साथ वर्तमान की पी-2 की खसरा पांचसाला एव बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो दिनांक 25/04/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि/ अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.04.2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

19- April- Janj- bhoomi -pg-3_Layout 1 4/19/2025 10:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अयोध्या धाम के पदयात्री सचिदानंद का स्वागत

**पुसौर।** ओडिशा बलांगीर के ग्राम खुड्डा निवासी सचिदानंद बिन्दा उम्र 34 वर्ष पैदल ही अयोध्या धाम पहुंचने का निश्चय लेकर पिछले कई दिनों से चले हैं। जिन्हें बीते दिनों पुसौर के बाजार चौक में झण्डा लेकर चलते हुए नगर के उपाध्यक्ष उमेश साव, संजय षडंगी, दुखभंजन कसेर, सुरज साव, राजेश थनापती, बजरंग कसेर सहित अन्य लोगों ने देखा तो इनका परिचय व उद्देश्य पुछते हुए उनका कुशल खेम जाना और उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें विश्राम दिलाने के लिए यहां के मौसी मंदिर में स्थान दिया गया और उनके भोजन आदि सहित रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई।

### युवराज ने वन मंत्री से की मुलाकात

**बिलाईगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप से क्षेत्र क्रमांक 11 वन सभापति जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के छोटे बाबा युवराज शरण सिंह अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए शिष्टाचार भेंट कया। वहीं उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए क्षेत्र की जनता के समस्या से अवगत कराया। युवराज के साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि क्षेत्र क्रमांक 10 कुंजराम पटेल बिर्रा, राजमहल से प्रतीक प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा रही ऐतिहासिक

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा में निकली बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की भव्य शोभा ऐतिहासिक रही। यात्रा को सफल बनाने में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक लालजीत राठिया से लेकर भीम आर्मी के पूरी टीम, समाज के सभी युवा, वरिष्ठगण, माताओं, बहनों, साथियों, युवा संगठन, युवा सतनामी समाज, गौ रक्षा वाहिनी, मुस्लिम समाज, ईसाई समाज, आदिवासी समाज, सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सभी मीडिया प्रभारियों व छोटे से बड़े तक अन्य सभी का सहयोग रहा। इस सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष भरत खंडेल भीम आर्मी भारत एकता मिशन ब्लॉक घरघोड़ा ने सभी क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया है।

### तमनार सरपंच संघ के अध्यक्ष बने श्याम कुमार

**तमनार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 135 वां जयंती को ग्रामवासी रोड़ोपाली एवं सरपंच रोड़ोपाली पंकजनी प्रकाश राठिया के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्यानंद राठिया पूर्व मंत्री एवं सुनीति राठिया पूर्व संसदीय सचिव तथा पूर्व विधायक लैलूंगा के मुख्य आतिथ्य व सतीश चन्द्र बेहरा जिला महामंत्री, दीपक सिदार उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ अरूण राय उपाध्यक्ष जिला भाजपा, सरोज बेहरा मण्डल अध्यक्ष रोड़ोपाली, अमलसाय राठिया, गोविंद देहरी, भारत पण्डा, महेश भोय, बबलू पटनायक, भीम सिंह नायक, अमरसाय राठिया, सहोद्रा दुर्गेश राठिया, भीखम राठिया सहित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विकास खण्ड तमनार के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंचों सहित मण्डी अध्यक्षों को शाल एवं स्मृति चिन्ह सहित पुष्पहार से सम्मानित किया गया। यह एक अविष्मरणीय पल था जब संविधान की रक्षा नवनिर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों के हाथों क्षेत्र का विकास आगामी पांच वर्ष आशान्वित है। क्षेत्र के विकास की नई परिकल्पना सहित एक नए संकल्प को लेकर प्रतिमान करने डॉ अम्बेडकर की जयंती के इस अवसर को यादगार बनाने के लिए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एवं जनप्रतिनिधियों का परिचयात्मक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सत्यानंद राठिया ने डॉ अम्बेडकर के व्यक्तिगत खूबियों, उनके आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेकर की जयंती को रोड़ोपाली में मनाया जाना भी एक सौभाग्य है। तथा ऐसे महापुरूषों के आदर्श हमारे जीवन में आत्मविश्वास को दृढ करता है।

संकट में सरोवर : चारों तरफ अतिक्रमण से सिमटा बाघ तालाब

# कभी यहां बाघ करते थे अठखेलियां, होती थी बोटिंग, अब जल को तरसता जलाशय



**कचरा डंपिंग यार्ड बन गया तालाब**

शहर में कॉलोनियां बसने से अब लोग भी बढ़ने लगे हैं, जिससे कचरा भी बढ़ने लगा है। इस कचरे को तालाब के किनारे ही फेंक दिया जाता है। इससे ऐतिहासिक बाघ तालाब डंपिंग यार्ड बन गया है। बाघ तालाब के किनारे देखें तो चारों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है।

आजकल बाघ तालाब अपने पुराने स्थिति में नहीं है। इस तालाब के सीमा के अंदर कई मकान बन गए हैं और पूरा तालाब लगभग सूख गया है। जहां कहीं भी नमी है वहां पर गंदगी ने डेरा डाला हुआ है। ऐसे में ऐतिहासिक महत्व का यह तालाब खत्म होने की कगार पर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कभी शहर के प्रमुख और सबसे बड़े बाघ तालाब में बाघ अठखेलियां करते नजर आते थे, यहां लोगों के मनोरंजन के लिए बोटिंग होती थी, वहीं अब यह जलाशय जल के लिए तरस रहा है। तालाब के चारों तरफ अतिक्रमण से इसका दायरा सिमट कर रह गया है। इधर शहर सरकार धरोहर को सहेजने में नाकाम साबित हो रही है। शहर के बाघ तालाब पर भू-माफियाओं की पैनी नजर है। यहां धरोहर का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। तालाब पर कई घर बन गए है। वहीं इसके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। हालात यह है कि आज बाघ तालाब कहीं से तालाब नहीं लग रहा है। जबकि पहले इस तालाब में लबालब पानी हुआ करता था। आसपास सहित दूर-दराज के लोग यहां नहाने के लिए आते थे। स्थानीय निवासी इस तालाब का पानी पीते थे, लेकिन कई सालों से इस तालाब के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। अब इस तालाब में पानी ही नहीं रह गया है। ज्ञात हो कि ऐतिहासिक बाघ तालाब लगभग 22 एकड़ के क्षेत्र में फैला था, लेकिन भू-माफियाओं द्वारा लगातार इस तालाब में कब्जा कर इसका दायरा ही कम कर दिया गया।

**सबसे पहले इसी तालाब में खुला था बोट क्लब**

शहर के इस ऐतिहासिक तालाब को नगर निगम द्वारा संरक्षित करने के लिए वर्ष 1993 में बोट क्लब बनाया गया था। उस समय तक समूचे बाघ तालाब में पानी लबालब रहा करता था। निगम द्वारा बोट क्लब बनाए जाने के बाद बाघ तालाब पर अपना आधिपत्य बताते हुए एक व्यक्ति ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। तब से तालाब के स्वामित्व का मामला कोर्ट में है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि तालाब सार्वजनिक निस्तारी के लिए है यदि इसे ठीक कर दिया जाए तो लोगों के निस्तारी के काम आ जाएगा।

**तालाब में पानी पीने आते थे बाघ**

जानकारों की मानें तो कभी इस तालाब में बाघ पानी पीने के लिए आते थे और तालाब में अठखेलियां करते नजर आते थे। इसलिए इस तालाब का नाम बाघ तालाब रखा गया था। इस तालाब के आगे घना जंगल था और आज जहां सर्किट हाउस है वहां पर राजा का शिकारगाह था। राजा वहां अक्सर शिकार खेलने जाते थे। इस तालाब के पास एक फोल्डिंग मंदिर है। कहा जाता है कि जब भी राजा चक्रधर युद्ध के लिए जाते थे तो इस मंदिर को फोल्ड करके अपने साथ ले जाते थे।, लेकिन बाद में इस फोल्डिंग मंदिर को इस तालाब के उपर ही स्थापित करा दिया गया।

**कोर्ट में चल रहा है केस**

बाघ तालाब विवादित भूमि है, इसका केस कोर्ट में चल रहा है। यही कारण है कि हम उसका जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण नहीं करा पा रहे हैं।

**जीवर्धन चौहान**
**महापौर**



### दर्रामुड़ा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**खरसिया।** खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा में 6 अप्रैल से शुरू हुई ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन 16 अप्रैल को फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस आयोजन का नेतृत्व युवा क्रिकेट क्लब दर्रामुड़ा द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने जबरदस्त उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच देने का प्रयास किया गया, जिससे खेल भावना का विकास हो सके। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गांवों के युवाओं को खेलों के माध्यम से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देना था। समापन समारोह और फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट हेड राकेश कुमार, सीनियर जीएम अतित नामदेव, एचआर अधिकारी रतन, सिक्योरिटी हेड एलपी राव उपस्थित रहे। इनके साथ साथ युवा नेता मुकेश पटेल, गिरीश राठिया, ग्राम पंचायत दर्रामुड़ा के सरपंच सुरेश कुमार राठिया, उपसरपंच कुश पटेल, पंच त्रिलोचन पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस मौके पर प्लांट हेड राकेश कुमार और सीनियर जीएम अतित नामदेव ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि सारडा एनर्जी क्षेत्रीय विकास के साथ साथ खेलों के प्रोत्साहन के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। प्रतियोगिता में कुल चार प्रमुख टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में नहरपाली की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया और 31,000 रुपए नकद व आकर्षक ट्रॉफी प्राप्त की। उपविजेता पंडरीपानी की टीम को 21,001 रुपए एवं कप से सम्मानित किया गया। वहीं तीसरे स्थान पर रही दर्रा की टीम को 11,001 रुपए और चौथे स्थान पर रही भूपदेवपुर की टीम को 5,100 रुपए नकद व ट्रॉफी दी गई।

## मृतक के परिवार को जिंदल देगा 50 लाख मुआवजा व 20 हजार रुपए मासिक पेंशन

**रायगढ़।** रायगढ़ के तमनार स्थित जिंदल के गारे पेलमा खदान में आज दोपहर ब्लास्टिंग के दौरान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए हैं। तीनों व्यक्ति ब्लास्टिंग के कार्य में लगे हुए थे।

इस संबंध में एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल की सुबह 11.30 बजे तमनार के लिबरा में जिन्दल पावर प्लांट की माइन्स गारे पेलमा 4/2, 4/3 खदान में कोयला खनन हेतु ब्लास्टिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान जेपीएल के असिस्टेंट इंजीनियर आयुष बिसोई के निर्देशन में ब्लास्टिंग सहायक चन्द्रपाल राठिया एवं तरूणलाल निषाद ब्लास्टिंग से बचाव हेतु शेल्टर वैन के अंदर थे। ब्लास्टिंग के समय पत्थर टूटकर सीधे शेल्टर वैन के अंदर गया। जिससे शेल्टर वैन में मौजूद उपरोक्त तीनों कर्मियों को गंभीर रूप से चोटें आई। इस दुर्घटना में आयुष बिसोई पिता मनमत नाथ बिसोई उम्र 24 वर्ष निवासी दरशपुर जिला गंजाम ओडिशा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

वहीं चन्द्रपाल राठिया पिता मुकुल राठिया उम्र 38 वर्ष निवासी कोसमपाली तहसील तमनार, जिला रायगढ़ छग गंभीर रूप से घायल हो गए और तरूणलाल निषाद पिता कन्हाई राम निषाद उम्र 43 वर्ष निवासी झरना तहसील तमनार, जिला रायगढ़ छग को चोंटे आई है। दोनों चोटिल व्यक्तियों का जिंदल फोर्टिस अस्पताल रायगढ़ में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर के साथ पुलिस विभाग से सीएसपी अनिल विश्वकर्मा ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक जानकारी ली और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। आगे घटना की विस्तृत जांच की जाएगी।



■ गारे पेलमा माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान हुई थी युवक की मौत

**प्रबंधन ने की आर्थिक मदद**

जिंदल पावर की ओर से जीएम रितेश गौतम ने बताया कि कंपनी के पॉलिसी के तहत मृत व्यक्ति के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और 20 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज जिंदल फोर्टिस में चल रहा है।

## मिडिल स्कूल डोकरीडीह में 10 वर्षों से एक भी शौचालय नहीं

**बिलाईगढ़।** विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम डोकरीडीह के मीडिल स्कूल के बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मीडिल स्कूल डोकरीडीह में विगत 10 वर्षों से एक भी शौचालय नहीं है जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों को भारी असुविधा एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल में शौचालय की मांग को लेकर 1जुलाई 2024 को पालक और बच्चे कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर जन दर्शन में जिला कलेक्टर धर्मेश साहू से स्कूल मे शौचालय की मांग की थी। बच्चों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्कूल में बालक और बालिका शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन पूरा शैक्षणिक सत्र बीत जाने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही पालक भी सारंगढ़ कलेक्टर से मिलकर स्कूल मे जल्द शौचालय निर्माण कराने की मांग की थी। पिछले 15 महीनों में चार बार पालकों द्वारा कलेक्ट्रेट जाकर आवेदन दिया गया है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पालकों द्वारा सत्र के बीच चार बार और आवेदन दिया जा चुका है।



**बिना शौचालय के संचालित हो रहा स्कूल**

पूर्व में आरईएस से शौचालय बनवाया गया था जो 2 वर्ष में ही जर्जर होकर टूट गया। पिछले 10-12 वर्षों से बिना शौचालय के स्कूल संचालित होते आ रहा है। शाला भवन भी अत्यंत जर्जर हो गया है। कक्षा के छत का प्लास्टर गिर रहा है। बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। अहाता भी जर्जर है। असामाजिक तत्वों द्वारा शाला, किचन, गार्डन एवं पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बच्चे शौच के लिए अपने-अपने घर या नाला जाने के लिए विवश है। अब देखने वाली बात है कि आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व भवन मरम्मत, शौचालय निर्माण, अहाता निर्माण हो पायेगा या नहीं।

## सामूहिक खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी जिले की ग्रामीण महिलाएं

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड की ग्रामीण महिलाएं अब सामूहिक खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ा रही हैं।

अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित आजीविका संवर्धन की पहल ने इन महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाया है।

महिलाओं ने अक्टूबर 2024 से साहो किस्म के टमाटर की खेती शुरू की। अदाणी फाउंडेशन द्वारा मल्चिंग, खाद, उर्वरक, कीटनाशक और उन्नत बीज जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसके परिणामस्वरूप, दिसंबर 2024 से मार्च के बीच 74,376 किलोग्राम टमाटर का उत्पादन हुआए जिससे 3.48 लाख की आय अर्जित की गई। सुपा गांव में पहली फसल चक्र में 2,500 किलोग्राम करेला भी उत्पादित हुआ, जिसकी बिक्री 55,155 रही। कुल मिलाकर इन महिलाओं ने 4.03 लाख की सब्जियों की बिक्री की।

इस योजना के अंतर्गत ग्राम सुपा, बरपाली, जेवरीडीह, टपरदा और ठेंगागुढ़ी गांवों की 23 स्वयं सहायता समूहों की कुल 59 महिला सदस्यों ने ड्रिप सिंचाई पद्धति से टमाटर, खीरे और करेले की खेती शुरू की है। एसबीआई आरएसईटीआई रायगढ़ के सहयोग से इन महिलाओं को सब्जी उत्पादन पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण भी निःशुल्क दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात सुपा गांव में करेले की खेती करने वाले चंद्रहासिनी स्व सहायता समूह की सीता बाई यादव ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराए गए इस प्रशिक्षण से हमें खेती करने की आधुनिक विधि की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसे हम सभी महिलाएं सामूहिक खेती करके कम समय में ही ज्यादा उत्पादन पाने की तकनीक उपयोग में लाए हैं।



## सुशासन त्यौहार अंतर्गत घरघोड़ा तहसील में आए 10 हजार से अधिक आवेदन

**घरघोड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार पूरे प्रदेश मे सुशासन त्यौहार मना रही है जिसमें सीधे लोगों से जुड़कर हालचाल जाना जा रहा है। घरघोड़ा तहसील क्षेत्र में सुशासन त्यौहार मनाया गया है जिसमें लोग अपने आवेदन लेकर शिविरों में पहुंचकर बैठे कर्मचारियों को आवेदन दिए हैं। समाधान पेटी, ऑनलाइन के माध्यम से कुल 10033 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आवेदन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आधार सुधार के लिए मांग की जा रही है। वहीं अन्य राजस्व विभाग आय जाति निवास, जन्म प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका, वन पट्टा, आबादी पट्टा, महतारी वंदन योजना जमीन समतलीकरण, सड़क निर्माण कार्य, भूमि हीन योजना सहित अन्य के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसडीएम कार्यालय घरघोड़ा से लेकर नगर पंचायत व जनपद पंचायत घरघोड़ा के सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन त्यौहार अंतर्गत शिविर लगाए गए थे। सुशासन का समाधान शिविर 5 से 31 मई तक पंचायत ब्लाक नगरीय निकाय में आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर के मार्गदर्शन में तहसीलदार घरघोड़ा मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनय चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत नीलेश केरकेट्टा कार्यक्रम को सफल मनाने में लगे हुए हैं।



### भगवान श्रीराम के विवाह का आयोजन

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में पिछले कई वर्षो से मंचन होते हुए आ रहा रामलीला इस वर्ष के आयोजन में अब भगवान राम लक्ष्मण के विवाह के प्रसंग तक पहुंच चुका है। इस प्रसंग को लौकिकता में पिरोते हुए रामलीला समिति इसे मुर्तरूप देते हैं। इसलिए पुसौर के श्री राम जगन्नाथ मंदिर परिसर में सुबह से ही उल्लास का वातावरण रहा, जिसमें लोग सर्वप्रथम एकजुट हुए और राम लक्ष्मण और सीता रोल निभाने वाले पार्टियर को इस स्थल पर लाए। जहां बारी-बारी से उपस्थित सभी लोगों ने हल्दी का लेप लगाया वहीं समिति के लोगों ने भी एक दूसरे को हल्दी लगाते हुए भगवान राम के विवाहोत्सव पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उक्त समूचा समूह सर्वप्रथम नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी के यहां एक जुलूस के रूप में ढोल नगाडे के साथ गये जहां अध्यक्ष मानी सतपथी एवं मोहित सतपथी व उनका समुचा परिवार उनका स्वागत किया।

केयर एन क्योर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Care N Cure
वरदान टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
पुराना प्रताप टॉकीज, प्रताप चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
आपके अपने शहर में आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

न्यूरोलॉजी
• दिमाग के नसों का फटना या सूख जाना (ब्लीडिंग या क्लॉटिंग)
• लकवा , मिर्गी और लंबे समय तक सिरदर्द
• मस्तिष्क के संक्रमण मेनिन्जाइटिस और इनसेफेलाइटिस

न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
• मस्तिष्क की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट, साइटिका (पीठ दर्द)
• मस्तिष्क की नस का फट जाना और हाइड्रोसेफेलस

लीवर एवं गैस्ट्रो सर्जरी
• लीवर फेल्योर (स्पअमत थ्मसनतम) और संक्रमण
• शराब के कारण लीवर और पेट में होने वाली समस्याएं
• हेपेटाइटिस वायरस, फैटी लीवर डिजीज
• लीवर से संबंधित हाथ और पैर में सूजन

यूरोलॉजी
• किडनी, मूत्रनली, पेशाब की थैली की पथरी का दूरबीन पद्धति द्वारा इलाज
• प्रोस्टेट की सर्जरी, मूत्र नली का गंभीर संक्रमण और रुकावट

ऑर्थोपेडिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं ट्रॉमा
• सभी प्रकार के सामान्य एवं गंभीर फ्रैक्चर का इलाज
• जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध
• आर्थ्रोस्कोपी द्वारा घुटने की चोटें ACL, PCL, MCL और स्पोर्ट्स इंजरी का इलाज

स्त्री रोग विभाग
• नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बच्चेदानी की गाँठ एवं कैंसर से संबंधित समस्त रोगों का इलाज (लेप्रोस्कोपी द्वारा)
• निःसंतान दंपत्तियों के लिए सामान्य और आधुनिक गर्भधारण तकनीक, IUI और टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) की जाँच और इलाज की सुविधा।

क्रिटिकल केयर
• शरीर के गंभीर संक्रमण
• सांस लेने में तकलीफ, अस्थमा, copd, respiratory failure
• वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध HFNC
• सभी गंभीर रोग एवं उनसे उत्पन्न जटिलताओं का इलाज

रेडियोलॉजी
• साधारण एवं स्पेशलाइज्ड X-ray
• सोनोग्राफी
• सीटी स्कैन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• एपेंडिक्स, हर्निया और गॉलब्लैडर का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
• पाइल्स (बवासीर) और डायबिटिक फुट का आधुनिक इलाज
• स्तन की सामान्य गाँठ एवं कैंसर की गाँठ का इलाज

किडनी रोग
• किडनी से संबंधित बीमारियों का इलाज
• डायलिसिस की सुविधा
• परमाकैथ (Permacath) और AV फिस्टुला की सुविधा

CSPDCL
कोल इंडिया Coal India
INDIAN RAILWAYS

जब भी हो कोई इमरजेंसी, हमें कॉल करें!
AMBULANCE
9301611022, 7697030000

19 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 4/19/2025 10:10 PM Page 1



खबर संक्षेप

## सशिमं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान



**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर सोनादह में 18 अप्रैल को कक्षा 8वीं के बच्चों का विदाई और विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता युधिष्ठिर खूंटे ने किया। समिति द्वारा सत्र 2023-2024 में विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में रिंकी यादव, वादनी खूंटे, कावेशी, ईसा कुर्रे, अमित चन्द्रा, दीपांशु बघेल, सोनम बघेल, कल्पना बघेल, डगेश्वर खूंटे का तिलक लगाकर, श्रीफल, साल, पेन और 501 - 1001 रुपए राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कक्षा 8वीं के बच्चों का भी तिलक लगाकर पेन गिफ्ट देकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लीलावती कुर्रे, सोनकुवर खूंटे, संतोषी टंडन, नंदकुमार चन्द्रा, धरम सिंह पिंकी बघेल, अम्बिका रात्रे, कमल खूंटे, विद्यालय परिवार में प्रधानाचार्य शशि महंत, अश्वनी महंत, खुशबू यादव, अनूप बघेल, रामेश्वरी खूंटे, सूर्या कुर्रे, संध्या खूंटे, ममता महंत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापना के लिए राजपूत क्षत्रीय समाज की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में राष्ट्रवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु चयनित 5000 वर्ग फुट भूमि पर स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अतिशीघ्र स्थापित कराने हेतु सर्व राजपूत क्षत्रिय प्रतिनिधियों की बैठक रविवार 20 अप्रैल को संध्या 5 बजे से डी के मेडिकल स्टोर्स जांजगीर में रखी गई है। देवेश कुमार सिंह ने बैठक में राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## डोडकी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**सक्ती।** ग्राम डोडकी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रविवार 20 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ होगा। व्यास पीठ पर आचार्य पं. विजय पांडे विराजमान होंगे। 27 अप्रैल को तुलसी विवाह, ब्राह्मण भोज, यज्ञपूर्णाहुति, महाआरती का कार्यक्रम होगा।

## सेवा सहकारी समिति पिहरिद में 21 से प्रारंभ होगा केसीसी का काम

**मालखरौदा।** सेवा सहकारी समिति मार्यादित पिहरिद में सोमवार 21 अप्रेल को के सी सी का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। किसान आवश्यक दासवेज आधार कार्ड बैंक पास बुक, जमीन संबंधित दस्तावेज, मोबाइल नंबर घोषणा फार्म के साथ समिति पहुंच सकते हैं। अध्यक्ष द्वारा इसका शुरूआत किया जाएगा। समिति अंतर्गत आने वाले गांव है। पिहरिद अमेराडीह सतगड़ भुतहा छोटे रबेली तथा से सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो सरकार की योजना का लाभ उठाने के लिए समिति प्रबंधक देव कुमार जायसवाल ने किसानों से अपील किया है।

## जल सेना में खोरसी निवासी फणेश्वर का चयन

**तनौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी का गौरव भाई



फणेश्वर साहू का चयन जल सेना में हुआ है। उन्होंने डी.ए.वी. अकलतरा से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया और बिलासपुर के निजी महाविद्यालय में आगे की पढ़ाई की। फणेश्वर ने कहा कि व्यक्ति को हमेशा अपने लक्ष्य बनाकर कार्य करना चाहिए। लगन और निष्ठा के साथ करने से सफलता निश्चित मिलती है। फणेश्वर रामबिलास साहू सचिव ग्राम पंचायत धरदेई एवं सचिव संघ तहसील पामगढ़ एवं श्रीमती गायत्री साहू प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नगर पंचायत खरौद के सुपुत्र हैं। फणेश्वर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिए है।

### जन संवाद में ग्रामीणों से कहा संदिग्ध या अवैध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें

# चौपाल लगाकर पुलिस ने गंभीरता पूर्वक सुनी ग्रामीणों की शिकायतें एवं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम गौद में शनिवार 19 अप्रैल को पुलिस ने जनचौपाल का आयोजन किया। जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों की मांगों एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। लोगों ने पुलिस व्यवस्था, अवैध गतिविधियों और स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। पुलिस ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव एवं क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। जनता की भागीदारी से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया और कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। इस अवसर पर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और लोगों ने पुलिस प्रशासन के इस पहल की सराहना की। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी लगातार थाना जांजगीर अंतर्गत गांव- गांव पहुंचकर लोगों से सीधे जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रहे है। साथ ही समस्याओं का त्वरित निराकरण करने प्रयास भी कर रहे है। इसके अलावा पुरानी शिकायतों की जांच, विवेचना, फरार आरोपी की पतासाजी, निगरानी बदमाशों की चेकिंग वारंटियों की धरपकड़ भी की जा रही है।

थाना प्रभारी श्री द्विवेदी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप पुलिस के सहयोगी बनें। आपके सहयोग से गांव व समाज को अपराधमुक्त बनाएंगे। इसके बाद गांव के गणमान्य लोगों ने कहा कि ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि थाना प्रभारी अपने पूरे स्टाफ के साथ गांव पहुंच कर जनसंवाद का आयोजन कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए पुलिस ने लोगों से शराब के नशे में वाहन नहीं चलाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, हेलमेट पहनकर मोटर सायकल चलाने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नहीं करने, माल वाहक वाहन, ट्रैक्टर, पिकअप या अन्य माल वाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने, रात्रि यात्रा में विशेष सतर्कता बरतने, शादी समारोहों (बारात ) में वाहन चालकों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने, नींद या नशे की स्थिति में वाहन चलाने पर सख्त प्रतिबंध, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, नाबलिकों को वाहन नहीं चलाने देने अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक सत्यम चौहान एवं आरक्षक दिलीप सिंह थाना जांजगीर सहित गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



जनचौपाल में ग्रामीणों को जागरुक करती पुलिस।



निर्माणाधीन सब स्टेशन।

## दो साल में नहीं हो सका सब स्टेशन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

▪ विद्युत मंडल के अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान, नगरवासी परेशान

छत्तीसगढ़ के काशी कहे जाने वाले नगर पंचायत खरौद में बिजली विभाग का सब स्टेशन का निर्माण सपना बनकर रह गया है। दो साल बीत जाने के बाद भी इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

खरौद नगर पंचायत में बिजली विभाग द्वारा सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते ठेकेदार मनमाने पूर्वक कार्य कर रहा है। सब स्टेशन निर्माण के लिए कंकड़, रेत, के साथ सरिया रखा हुआ है। वर्तमान में निर्माण कार्य में लगने वाले सरिया में जंग लग रहा है। नगरवासी निर्माण कार्य नहीं होने से परेशान हो रहे है। नगर पंचायत खरौद में बिजली विभाग द्वारा सब स्टेशन का निर्माण कराया जाना है, जिसका वर्कआर्डर 13 मार्च 2023 को जारी हुआ था। कार्य को 5 माह के भीतर पूरा करना था मगर अब 2 साल बीत गया, लेकिन खरौद नगर पंचायत में अब तक बिजली विभाग का सब स्टेशन नहीं बन पाया है। ठेकेदार की मनमानी सामने आ रही है। साल गुजार गया मगर अब तक खरौद नगर पंचायत में बिजली विभाग का सब स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। बावजूद इसके विद्युत मंडल के अधिकारी गंभीर नजर नहीं आर रहे है। इसके चलते ठेकेदार के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

## ग्वालियर में सम्मानित हुए डॉ. शुक्ल



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तुलसी के मूल निवासी एवं मध्यप्रदेश के ग्वालियर में निवासरत प्रो. डॉ.चिरंजीव शुक्ल का भारतीय शिक्षण मंडल ग्वालियर ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया है। यह सम्मान उन्हें शुक्रवार 18 अप्रैल को जीवाजी विश्वविद्यालय के आईआईटी भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. चिरंजीव शुक्ल की प्रारंभिक शिक्षा गृहग्राम तुलसी में हुई है। इसके बाद वे ग्वालियर चले गए, जहां विज्ञान महाविद्यालय में प्रोफेसर व प्राचार्य का दायित्व निभाया। उच्च शिक्षा संस्थान में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय शिक्षण मंडल ग्वालियर द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।

**खास बात**

▪ भारतीय शिक्षण मंडल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मान

## गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

▪ ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच ने शहर के प्रमुख जगहों पर कोटना एवं सकोरा बांटकर लोगो को किया जागरूक

समाज सेवी संस्था ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर ने गर्मी में पशु पक्षियों के लिए चारा और पानी की व्यवस्था को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

समिति की वरिष्ठ सदस्यों जयंती दुबे एवं शालिनी शर्मा ने बताया कि पशु पक्षियों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है,ऐसे समय मे पशु पक्षियों के संरक्षण के लिये पशु पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया,शहर के प्रमुख जगह शिव मंदिर नैला, चंदनिया पारा, शंकर नगर,मेन रोड जांजगीर, शासकीय कन्या शाला के पास,अम्बेडकर मूर्ति के पास, शारदा मंदिर के पास, शनि मंदिर के पास, देवी दाई मंदिर के समीप, रविदास चौक के समीप कोटना रखा गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य द्वय वीणा शर्मा एवं सीता पाण्डेय ने बताया कि उनकी समिति द्वारा विगत 10 वर्षों से अनेक समाजिक एवं धार्मिक कार्य किये जा रहे है आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं परशुराम जी की जयंती के दिन 28 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार किया जाएगा। जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा थोड़ा सा प्रयास घरों के आसपास उड़ने वाले पक्षियों एवं पशुओं की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है । समिति के सभी सदस्यों ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि शहर में गौ माता एवं अन्य जानवरों के लिए रखे गए कोटना एवं सकोरा में प्रतिदिन दाना पानी डालकर इस अभियान में सहयोग प्रदान करें । इस अभियान में ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा,जयश्री शर्मा,सीता पाण्डेय,जयंती दुबे,गीता मिश्रा,अलका शर्मा,निशा मिश्रा, आशा दुबे, अनिता मिश्रा,डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, अनुराधा शुक्ला, शालिनी शर्मा,जूही गौरहा ने अपनी सहभागिता निभाई ।



कोटना व सकोरा वितरित करती ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच की पदाधिकारी।

## मानस गायन प्रतियोगिता में नवदुर्गा मानस मंडली प्रथम

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम सेमरिया के गुड़ीपारा में पिछले 9 दिनों से अखंड नवधा रामायण पाठ के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानस मण्डलियों की सैकड़ो टोली शामिल हुई। सेमरिया गुड़ीपारा में आयोजित अखंड नवधा रामायण प्रतियोगिता के मानस गायन प्रतियोगिता में प्रथम नवदुर्गा मानस मंडली लोहराखोल, द्वितीय उषा मानस मंडली परसदा सक्ती, तृतीय जीवन ज्योति मानस मंडली सेंदूरस, चौथा जय जय श्री राम मानस मंडली दर्राभांठा, पंचम अनिता पटेल मानस मंडली बीरगहनी, षष्ठम राधिका पटेल मानस मंडली नवापारा, सप्तम लकेश मानस मंडली, अष्टम भारती मानस मंडली नवागढ़, नवम जय मां मानस मंडली बोरसी, दशम श्री लाला मानस मंडली तालदेवरी रही। बेस्ट गायक बोरसी, बेस्ट तबला नवागढ़, बेस्ट टीकाकार सेंदूरस, बेस्ट श्रोता तिलकु सतनामी रहें। आयोजन को सफल बनाने रविकांत कश्यप, अमर कश्यप, तीजराम कश्यप, तिरित राम कश्यप, मनोज साहू, काशीराम कश्यप, द्वास राम यादव, छोटेलाल कर्ष, वासु यादव सवाब खान, रामविलास कश्यप, फोटोलाल साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने ग्राम के नवीन नवधा रामायण समिति के साथ पुरे गांव के लोगो का भरपूर सहयोग रहा। मानस गायन प्रतियोगिता ने राज्य के चुने हुए पूर्व में राज्य शासन से पुरुस्कार प्राप्त टोली ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे 10 हज़ार से अधिक संख्या में शामिल हुए।

## प्रतियोगी परीक्षा के लिए बच्चों को कराया जा रहा अभ्यास

**हसौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमनी में प्रतियोगी परीक्षा को लेकर बच्चों को निरंतर अभ्यास कराया जा रहा है। संस्था प्रमुख प्रभारी प्रधान पाठक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने बताया कि राष्ट्रीय एनएमएमएस (राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना) का क्रियान्वयन अलग-अलग राज्यों में होता है। इसी तरह छग राज्य में यह परीक्षा आयोजित किया जाता है। उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को प्रतिमाह 1 हजार हायर सेकेंडरी तक दिया जाता है। उच्च स्तर के कक्षाओं में बढ़कर यह राशि बढ़ जाता है। आपको बता दे कि 2023-24 में मिडिल स्कूल धमनी से रिद्धि खुराना का 8वीं में चयन हुआ था। एनटीए परीक्षा में भी हेजल ख़टर्जी का चयन हुआ था। प्रतिवर्ष इस विद्यालय से बच्चों का चयन होता रहा है। 2024 - 25 की परीक्षा में सात बच्चे शामिल हुए है। अभी रिजल्ट आना बाकी है। प्रयास परीक्षा के लिए बच्चे तैयारी में जुट गए है। परीक्षा समाप्ति के बाद आठवीं के जो बच्चे प्रयास परीक्षा में भाग लिए है उन बच्चों को शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े, मनीष दास बैरागी,संजय कुमार तंजय हेरोद कुमार भारद्वाज द्वारा नियमित रूप से 7 से 11 बजे तक हिंदी,सामाजिक विज्ञान,विज्ञान,गणित, अंग्रेजी, छग, तर्क शक्ति , सामान्य ज्ञान के बारे अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही यू टब के माध्यम से भी बच्चों को बताया जाता है, 15 अप्रैल से एनटीए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी से फार्म भरना प्रारंभ हो गया है। इसके लिए भी बच्चो को अभी से मोटिवेट किया जा रहा है। शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने बताया कि बच्चों को अपने आप में विश्वास हो तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षा में बच्चे आसानी से निकाल पाएंगे। इस बात को लेकर बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। सभी प्रतियोगी परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमनी के शिक्षक पूरी तन्मयता के साथ बच्चो को तैयारी कराते आ रहे है।



प्रभारी प्रधान पाठक के साथ उपस्थित छात्राएं।

## क्रिकेट में भटगांव को हराकर ठनगन ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

▪ बिर्रा में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

ग्राम पंचायत बिर्रा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला ठनगन और भटगांव के बीच हुआ। फाइनल मैच में भटगांव ने टांस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और ठनगन की टीम ने 7 ओवर में छोटू के 81 रनों की बदौलत 2 विकेट पर 117 रन बनाए। भटगांव 118 रनों का लक्ष्य पूरा नहीं कर सका। इस तरह ठनगन की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया जिन्हें 60 हजार रुपए और ट्रॉफी व उपविजेता टीम भटगांव को 30 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मैच में गगन जयपुरिया, एकादशिया साहू, रितेश रमण सिंह, चेतन बाबा, गोपाल कश्यप, एकांश पटेल, प्रकाश देवांगन, कमल कटकवार, प्रदीप साहू, बलराम कश्यप, जितेन्द्र तिवारी, कृष्णा साहू, रमेश साहू, राहूल कश्यप, अमजद मेमन, नरेश देवांगन, ज्ञानचंद, अशोक जांगड़े सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी।

## मनाया गया राम एवं हनुमान का षष्ठी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मेरी युवा बहनों संगठन ने श्याम बाजार रंगमंच में हम सब के आराध्य देव राघव सरकार एवं हनुमान के षष्ठी पर्व का आयोजन कर बड़े ही धूमधाम से उत्सव मनाया।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती राधा सोनी एवं संगठन के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की आरती उतारी और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अन्य महिला संगठनों ने इस आयोजन में भाग लेकर श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा सोहर एवं भजनों का गायन करके आयोजन को भक्तिमय बनाया। मेरी युवा बहनों संगठन ने इस आयोजन में उत्सव प्रसाद के रूप में समस्त भक्तजनों को कांके बरा का प्रसाद .वितरण किया। जन्मोत्सव के आयोजन में विभिन्न महिला मंडलों के साथ श्रीमती उमा, निर्मला, आशा, उषा, प्रीति निशा,ज्योति, माधुरी, सीता, राजेश्री, कविता, रुचि ,रीना, लुभावनी, रामेश्वरी, भगवती, रश्मि, संगीता, सोना, सत्यप्रिया, नम्रता, रजनी मालती, सरस्वती, बोधनी, मंजू, रामकुमारी, सरला, सरोज, खिलेश्वरी, बिन्दू एवं बंधुजनो ने भाग लेकर इस उत्सव में आनंद उठाया। संगठन सदस्य श्रीमती रेवती सोनी ने उत्सव में श्रीराम के जयकारे के साथ समस्त शामिल भक्तजनों का अभिवादन के साथ आभार व्यक्त किया।



पूजा-अर्चना करती मेरी युवा बहनों संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य।





